भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 264
जिसका उत्तर 24.07.2024 को दिया जाना है

सिल्क्यारा सुरंग

264. श्री मल्लिकार्जुन खरगे:
क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) उत्तराखंड में सिल्क्यारा सुरंग से 41 कामगारों के बचाव और राहत कार्यों पर हुए व्यय का ब्यौरा क्या है;
(ख) बचाव कार्य के दौरान किए गए कुल व्यय के संदर्भ में सुरंग निर्माण का ठेका प्राप्त करने वाली इंजीनियरिंग कंपनी से वसूली गई राशि का ब्यौरा क्या है; और
(ग) उक्त कंपनी से बचाव कार्य पर किए गए व्यय की वसूली में विलंब का ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) उत्तराखंड में सिल्क्यारा सुरंग में बचाव और राहत कार्यों से संबंधित दो बिलों के भुगतान पर अब तक 1,93,91,761 रुपये का व्यय हुआ है । कुछ बिलों का भुगतान नहीं किया गया है।

(ख) और (ग) बचाव एवं राहत कार्यों पर इंजीनियरिंग कंपनी के खाते से व्यय किया गया है।

******